तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 5 दिसंबर 2025

13 महिलाओं ने रखा अगहन व्रत ...



14 गुर्रा में महिला कमांडो टीम गठित





# सेल में लिमिट से अधिक धान पहुंच रहा, किसानों के बीच विवाद बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेल

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सेल के धान खरीदी केंद्र में किसानों द्वारा खरीदी की लिमिट बढ़ाने की मांग जोर पकड़ती जा रही है। वर्तमान में निर्धारित सीमित आवक के कारण किसानों को मंडी में लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

किसानों ने बताया कि धान मिंजाई अपने अंतिम चरण में है। ऐसे में खरीदी केंद्रों में कम आवक सीमा विवाद की स्थिति उत्पन्न कर रही है। एक दिन में मात्र 500 क्विंटल 47 कट्टा धान खरीदी हो रही है, जिससे कई किसानों को टोकन और आवक प्रक्रिया के लिए बार-बार चक्कर लगाना पड़ रहा है। कई किसान मजबूरीवश धान वापस लेकर लौटने विवश हो रहे हैं। मंडी में मौजूद किसानों ने बताया कि आवक लिमिट कम होने से कर्मचारियों और किसानों के बीच तू-तू, मैं-मैं की स्थिति बन रही है। किसानों का कहना है कि खरीदी लिमिट बढ़ेगी तो शिकायतें और विवाद स्वतः समाप्त हो जाएंगे।

इधर हमाल मजदूरों ने भी अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि वे मात्र 9 रुपये प्रति क्विंटल के दर पर हमाली कर रहे हैं। हमाल विजय कुमार जायसवाल, जितेंद्र कुमार जायसवाल, गुनेश्वर कैवर्त्य, बिल्लाराम कैवर्त्य सहित अन्य मजदूरों ने कहा कि विवाद बढ़ने से कार्य में भी बाधा उत्पन्न हो रही है।

## किसानों ने धान खरीदी की लिमिट बढ़ाने की मांग



### शासन के आदेशों का पालन कर रहे हैं

दूसरी ओर मंडी कर्मचारियों, प्रभारी प्रबंधक, कंप्यूटर ऑपरेटर एवं अन्य स्टाफ का कहना है कि वे केवल शासन के आदेशों का पालन कर रहे हैं। जैसे ही आवक लिमिट बढ़ाने का निर्देश प्राप्त होगा, खरीदी में भी बढ़ोतरी कर दी जाएगी।

## खबर संक्षेप

### छात्रों के साथ एसडीएम ने खाया मध्यान्ह भोजन



पलारी। प्राथमिक शाला बलौदी में गुरुवार को बच्चों के लिए स्कूलों में दिये जाने वाले मध्यान्ह भोजन का निरीक्षण एसडीएम दीपक कुमार निकुंज, पलारी डिप्टी कलेक्टर देवाशीष, संकुल समन्वयक मंत राम वर्मा द्वारा किया गया। उन्होंने जमीन पर बैठकर बच्चों के साथ मध्यान्ह भोजन को चखकर परखा। वहीं अधिकारियों के सवाल पर विद्यार्थियों ने तत्परता से जवाब दिया। स्कूल के हेडमास्टर रेवा मंडल एवं शत्रुहन पैकरा, कृष्ण कुमार वर्मा को शासन के मंशानुरूप मध्यान्ह भोजन का निर्देश दिया गया।

### नशामुक्ति केंद्र में लगा मानसिक जांच शिविर

**महासमुंद**। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत नशामुक्ति केंद्र मचेवा में मानसिक स्वास्थ्य जांच एवं तनाव प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी मरीजों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने, नशा के शारीरिक और मानसिक दुष्प्रभाव के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। वहीं नशा से दूर रहने की बात कही गई। टेली मानस सेवा हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर14416 की जानकारी भी दी गई। इस दौरान जिला हॉस्पिटल से डीएमएचपी की टीम में रामगोपाल खूंटे साइकियाट्रीक सोशल वर्कर और खोमन लाल सीनियर नर्सिंग ऑफिसर एवं स्टॉफ का सहयोग रहा।

### एथलेटिक्स स्पर्धा के लिए नीलम का चयन

**महासमुंद**। छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग के दिशा निर्देशानुसार राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन ई. राघवेंद्रराव शासकीय स्नाकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय बिलासपुर में 5 दिसंबर से 07 दिसंबर तक किया जा रहा है । प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय महासमुंद की छात्रा नीलम लहरे बीए तृतीय सेमेस्टर का चयन हुआ है। ज्ञात हो कि नीलम लहरे का चयन परिक्षेत्र स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता महासमुंद में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया है। इनके चयन होने महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शीलभद्र कुमार, डॉ. सरस्वती वर्मा, ओमप्रकाश पटेल, डॉ. मनोज कुमार शर्मा, डॉ. स्वेतलाना नागल, ओंकार साहू, जगदीश खटकर, कविता गहीर, दुलामनी रौतिया एवं के समस्त शैक्षणिक एवं स्टाफ ने हर्ष जताया है।

## सौगात : कार्यक्रम में 192 कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया

# मुख्यमंत्री ने सुहेला को दी 195 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुहेला

बलौदाबाजार जिले के सुहेला में आयोजित विशाल लोकार्पण एवं भूमिपूजन समारोह जिले के विकास इतिहास में एक मील का पत्थर साबित हुआ। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 195 करोड़ 26 लाख के विकास कार्यों की सौगात देते हुए 192 कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। मंच पर पहुंचते ही मुख्यमंत्री का कार्यकर्ताओं व जनप्रतिनिधियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा तथा स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

सुहेला में आयोजित इस कार्यक्रम का सबसे भावुक क्षण तब आया जब सहकारिता विभाग ने विभागीय स्टॉल अवलोकन के दौरान मुख्यमंत्री का धान से प्रतीकात्मक वजन कर किसानों के प्रति सम्मान प्रकट किया। अन्नदाताओं की मेहनत और उनकी उपज का यह प्रतीकात्मक सम्मान देखकर पूरा कार्यक्रम स्थल तालियों से गूंज उठा।

मुख्यमंत्री ने मौके पर उपस्थित किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी व्यवस्था, उनकी समस्याओं और सुझावों पर चर्चा की। किसानों ने बेहतर खरीद व्यवस्था के लिए मुख्यमंत्री को अभिनंदन पत्र भी सौंपा। इस अवसर

शेष पेज 13 पर

## पुराने नगर पालिका कार्यालय के पास आधुनिक मल्टी कॉम्प्लेक्स निर्माण की घोषणा





### सरकारी कॉलेज खोलने की घोषणा

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने जिले के समग्र विकास के लिए कई अहम घोषणाएं की। सबसे महत्वपूर्ण घोषणा रही सुहेला में शासकीय महाविद्यालय की स्थापना, जो क्षेत्र के युवाओं के लिए शिक्षा के नए अवसर खोलेगी। सुहेला तिगड्डा में तीनों दिशाओं में एक-एक किलोमीटर डिवाइडर एवं स्ट्रीट लाइट लगाने की स्वीकृति देकर मुख्यमंत्री ने यातायात सुरक्षा को बड़ा प्रोत्साहन दिया। तिल्दा में नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण के लिए 2 करोड़ 50 लाख, बलौदाबाजार में शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल भवन निर्माण के लिए 2 करोड़ 21 लाख तथा पुराने नगर पालिका कार्यालय के पास नवीन मल्टी कॉम्प्लेक्स निर्माण की घोषणा भी की गई।

### किसानों के लिए 50 उपार्जन केंद्रों में पक्के आराम शेड

किसानों के हित में एक और महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए मुख्यमंत्री ने जिले के 50 धान उपार्जन केंद्रों में 10-10 लाख की लागत से पक्का आराम शेड निर्माण की घोषणा की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के रजत जयंती वर्ष में राज्य सरकार जनता से किए गए वादों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में धान खरीदी 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से जारी है और तेंदूपत्ता संग्रहण दर बढ़ाकर 5500 रुपये प्रति मानक बोरा करने से वनांचल के परिवारों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

### प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का लाभ लेने की अपील

मुख्यमंत्री ने संबोधन में जिला प्रशासन की हम होंगे कामयाब पहल की सराहना की और इसे युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रभावी कदम बताया। साथ ही उन्होंने आम जनता से प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का अधिकतम लाभ लेने की अपील की।

# खरीदी केंद्र का विधायक संदीप ने किया निरीक्षण लिमिट बढ़ाने के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ भवानीपुर

जिले के भवानीपुर खरीदी केंद्र में किसानों से धान खरीदी की प्रक्रिया को लेकर लगातार हो रही शिकायतों के बीच विधायक संदीप साहू ने गुरुवार को खरीदी केंद्र का औचक निरीक्षण किया और किसानों की समस्याएं सुनी। इस दौरान किसानों ने दैनिक खरीदी लिमिट बढ़ाने, टोकन समय से कटवाने और त्वरित तौल-भुगतान की मांग रखी। विधायक ने मौके पर मौजूद एसडीएम दीपक निकुंज को तत्काल व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

किसानों ने विधायक को बताया कि केंद्र पर निर्धारित दैनिक खरीदी सीमा इतनी कम है कि अधिकांश किसानों का धान तय समय में नहीं बिक पा रहा है। इसके चलते रोजाना विवाद और भीड़भाड़ की स्थिति बनी रहती है। साथ ही, टोकन व्यवस्था में देरी और तौल में भी विलंब हो रहा जिससे किसानों की परेशानी बढ़ा दी है।

इस निरीक्षण में जिला पंचायत सदस्य रवि बंजारे, सरपंच प्रेमिन लहरे, उप सरपंच फागु राम सेन के अलावा, काशी साहू, धनेश साहू, मुखी राम साहू, जगदीश लहरे, नरेंद्र चंद्राकर, देवेंद्र कुमार साहू सहित क्षेत्र के सैकड़ों किसान और अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### टोकन प्रक्रिया सुचारु रूप से चले

इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए विधायक संदीप साहू ने एसडीएम दीपक निकुंज को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों की सुविधा के लिए दैनिक खरीदी लिमिट तुरंत बढ़ाई जाए, टोकन प्रक्रिया सुचारु रूप से चले और धान की समय पर खरीदी व तौल सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा, किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े, इसके लिए प्रशासन को पूरी तैयारी और संवेदनशीलता से काम करना होगा।

# आठ लाख का धान भरा ट्रक मंडी टीम ने किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

- एसडीएम, मंडी सचिव और मंडी निरीक्षक की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

नगर पंचायत में बुधवार की देर रात करीबन 11 बजे बिलाईगढ़ एसडीएम एवं मंडी सचिव की संयुक्त टीम ने अवैध धान से भरा ट्रक को जब्त किया, जहां जांच करने पर पता चला कि ट्रक के अंदर 848 कट्टा यानी 339 क्विंटल लगभग 8 लाख अवैध धान है। यह कार्रवाई छत्तीसगढ़ मंडी अधिनियम के तहत की गई। इस सम्बन्ध में मंडी सचिव ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य बीज निगम के चालान की कॉपी को लेकर ट्रक क्रमांक सीएफ 07 बीएस 1193 का ड्राइवर गोपाल देहरी पिता केशव देहरी जांजगीर-चांपा जिले के खोखसा से यह अवैध धान का परिवहन कर रहा था, जिसे भटगांव चौक में हमारी टीम ने पकड़ा और जांच करने पर अवैध रूप से धान परिवहन करते पाया गया, जिसे मंडी अधिनियम के तहत जब्त कर थाना भटगांव में रखा गया है।

शेष पेज 13 पर



## झोपड़ी में लगी आग से महिला की मौत

सुहेला। पुलिस थाना से महज 200 मीटर दूरी पर रहने वाली आशा देवार की बुधवार-गुरुवार की मध्य रात झोपड़ी में आग लगने से मौत हो गई। परिवार के सदस्यों ने गुरुवार सुबह जब आगजनी का मंजर देखा तो तुरंत इसकी जानकारी सुहेला पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और प्रारंभिक जांच की। घटना की गंभीरता को देखते हुए बलौदाबाजार से फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया, जिन्होंने स्थल का विस्तृत निरीक्षण किया। पुलिस ने पंचनामा और पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया। बताया गया कि आशा देवार अपने छोटे बेटे के साथ झोपड़ी में रहती थी। हादसे के समय आग कैसे लगी, इसका अभी तक कोई स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। घटना की जानकारी सुहेला थाना के सहायक उप निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने दी। क्षेत्र में इस हादसे से शोक का माहौल है और लोग घटना की पूरी सच्चाई सामने आने का इंतजार कर रहे हैं।



# भाटापारा को नगर निगम का दर्जा देने उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

प्रदेश की सबसे बड़ी और पुरानी भाटापारा नगर पालिका को नगर निगम का दर्जा दिये जाने की मांग शहरवासियों ने उठायी है। वर्तमान में भाटापारा शहर का फैलाव लगभग चारों तरफ 20 किलोमीटर क्षेत्र में है और सन् 1935 में भाटापारा नगर पालिका का गठन अंग्रेजी हुकुमत के समय हुआ था। दृढ़ राजनीतिक इच्छा शक्ति के चलते धमतरी, चरौदा, अम्बिकापुर, चिरमिरी व कुछ अन्य क्षेत्रों को नगर निगम का दर्जा कालांतर में मिल गया है, लेकिन भाटापारा क्षेत्र में दबंग राजनीतिक इच्छा शक्ति के अभाव में भाटापारा नगर निगम का वर्षों पुरानी मांग को अब तक पूर्ण नहीं किया जा सका है। भाटापारा सहित आसपास के नजदीक के गांव सुरजपुरा, दतरेगा, दतरेगी, कुम्हरखान, सेमरियाघाट, कैथी, सुमा, देवरी, खोलवा, राजाढार, पेन्ड्री, ढाबाडिह, सिद्धबाबा धौराभाटा, बोरतरा,

शेष पेज 13 पर

### शहर के विकास में आईगी तेजी

इस बाबत प्रस्ताव राज्य शासन को पूर्व पालिका अध्यक्ष कमला हरवंश के कार्यकाल में पासकर भेजा गया था। जो कि फाइल में कैद होकर रह गया है। नगर निगम का दर्जा प्राप्त होने के बाद शहर का विकास तेजी से हो सकेगा। वहीं भाटापारा को केन्द्रीयमद से भारी भरकम राशि विकास के लिए भी प्राप्त हो सकेगी। राज्स व केन्द्र की अनेक महत्वपूर्ण योजनाओं का क्रियान्वयन होने से क्षेत्र व लोगों का भला हो सकेगा। जनहित में वर्षों पुरानी भाटापारा नगर निगम की मांग को शासन शीघ्र पुरा करें।

## हितग्राहियों ने दुकान चिचोली में ही खोलने कलेक्टर और एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# सोसायटी के स्थांनातरण से 108 हितग्राहियों को नहीं मिला नवंबर का खाद्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

- 0चिचोली ग्राम वासियों ने अपने ही गांव में उचित मूल्य की दुकान खोलने की रखी मांग

ग्राम पंचायत चिचोली के निवासियों ने शासकीय उचित मूल्य दुकान के अवैध स्थानांतरण और खाद्यान्न वितरण में अनियमितता की शिकायत करते हुए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बिलाईगढ़ से उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

ग्रामीणों के अनुसार, ग्राम पंचायत चिचोली में शासकीय उचित मूल्य दुकान आईडी क्रमांक 522007108 का संचालन लगभग 15 वर्षों से चिचोली में ही किया जा रहा था। हालांकि, इस वर्ष नवंबर माह से ग्राम पंचायत सरपंच और कल्याणी महिला स्व सहायता समूह ने मिलकर बिना किसी प्रशासनिक आदेश के दुकान को सलौनीखुर्द स्थानांतरित कर दिया है। इस अचानक और अवैध स्थानांतरण से चिचोली के ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है।

ग्रामीणों का आरोप है कि अवैध तरीके से दुकान की बिक्री करने के कारण ग्राम चिचोली के 208 हितग्राहियों को 28 नवंबर तक खाद्यान्न अप्राप्त था।

इस संबंध में पहली शिकायत 25 नवंबर को कलेक्टर जनदर्शन में की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

शेष पेज 13 पर



### दोनों पक्षों से आयी है शिकायत

मेरे पास दोनों पक्ष का आवेदन आया है। जांच की प्रथम दृष्टया से दोनों गांव की आपसी रंजिश प्रतीत दिखाई पड़ती है। दोनों गांव एक दूसरे के गांव नहीं जाना चाहते। विधिवत नियमानुसार जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

-एसडीएम

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशितकिया जायेगा।

# विभागों ने योजनाओं की राशि 34 करोड़ रुपए बरसों से दबाए रखी, अब फिर जाएगी सरकार के खजाने में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में कई विभागों ने सरकारी योजनाओं की राशि करीब 34 करोड़ रुपए सिविल जमा में ट्रांसफर कर बरसों तक निष्क्रिय के-डिपॉजिट खातों में जमा रखी थी। अब सरकार ने इन खातों की राशि को सरकारी खजाने राज्य की संचित निधि में ट्रांसफर करने का आदेश जारी किया है।

इस मामले को लेकर राज्य सरकार के वित्त विभाग ने प्रदेश के सभी भारसाधक सचिवों के लिए आदेश जारी कर दिया है। आदेश में कहा गया है कि विभिन्न विभाग द्वारा योजनाओं की राशि लोक लेखा शीर्ष सिविल जमा में ट्रांसफर करके विगत कई वर्षों से जमा रखी है। कोषालय संहिता के अनुसार तीन साल से अधिक समय तक निष्क्रिय के- डिपॉजिट खातों की राशि राज्य की संचित निधि में वापस जमा की जानी चाहिए। राज्य के विभिन्न कोषालयों में कई विभागों, कार्यालयों के निष्क्रिय खातों की सूची भी वित्त विभाग ने जारी की है और कहा है कि इन खातों में जमा राशि को संबंधित विभागीय राजस्व प्राप्ति शीर्ष में राज्य की संचित निधि में ट्रांसफर करें।

## कई विभाग और कार्यालय पैसा दबाए रखने में करोड़पति




### विभागों के दफ्तरों ने करोड़ों रुपए जमा रखे

वित्त विभाग ने निष्क्रिय खातों में जमा राशि की जो सूची जारी की है, उसके हिसाब से करीब 34 करोड़ रुपए निष्क्रिय खातों में पड़े रखे गए हैं। इस तरह के कई विभागों और कार्यालयों की उल्लेख सूची में है। सूची के मुताबिक कार्यालय अभियंता ग्रामीण अभियांत्रिकी सेवा राजनांदगांव 4 करोड़ 12 लाख 58 हजार कलेक्टर कबीरधाम के निष्क्रिय के डिपॉजिट खाते में 2 करोड़ 93 लाख 85 हजार, श्रम पदाधिकारी सुकमा 2 करोड़ 31 लाख 88 हजार, श्रम पदाधिकारी सूरजपुर 1 करोड़, 84 लाख, उप संचालक उद्यानिकी कार्यालय रायपुर में 1 करोड़ 2 लाख 57 हजार, एकीकृत आदिवासी विकास विभाग अंबिकापुर 1 करोड़ 27 लाख 46 हजार, उप संचालक कृषि जशपुर 1 करोड़ 92 लाख 94 हजार, एकीकृत आदिवासी विकास परियोजन अंबिकापुर 1 करोड़ 1 करोड़ 27 लाख 46 हजार बिना खर्च किए निष्क्रिय खातों में जमा रखे रहे। इनके अलावा भी कई और विभागों, कार्यालयों ने लाखों और हजारों रुपए निष्क्रिया खातों में जमा रखे।

## खबर संक्षेप



### पूर्व राष्ट्रपति कोविंद का लोकभवन में राज्यपाल ने किया स्वागत

**रायपुर।** भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के छत्तीसगढ़ आगमन पर बुधवार को लोकभवन में राज्यपाल रमेन डेका ने उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया और उन्हें शाल स्मृति चिन्ह भेंट किया। उल्लेखनीय है कि श्री कोविंद अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर के छठवें दीक्षांत समारोह में शामिल होने रायपुर पहुंचे। एयरपोर्ट पर संवाददाताओं से चर्चा में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री कार्यालय और सचिवालय का नाम बदलने के फैसले पर कहा, यह सब राजनीतिक बातें हैं, जो बदला है, अच्छा किए हैं। वन नेशन, वन इलेक्शन के बारे में सवाल पूछा, तो पूर्व राष्ट्रपति कोविंद ने बताया कि यह मामला अभी संसद में पेंडिंग है।

### आशुतोष शर्मा न्यायिक कर्मचारी संघ के प्रांतीय संयोजक बने



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ न्यायिक कर्मचारी संघ रायपुर अपने पदाधिकारियों का पुनर्गठन एवं विस्तार करते हुए आशुतोष शर्मा को छत्तीसगढ़ न्यायिक कर्मचारी संघ के प्रांतीय संयोजक के पद पर मनोनित किया है। इससे पहले आशुतोष शर्मा रायपुर संघ के पूर्व अध्यक्ष रह चूके है। संघ ने उनकी कुशल नेतृत्व क्षमता को ध्यान में रखते हुए नई जिम्मेदारी सौंपी है। छत्तीसगढ़ न्यायिक कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष नागेश्वर सिंह मौर्य, द्वारा संघ के संविधान के अनुसार प्रांतीय पदाधिकारियों की सहमति उपरांत उन्हें प्रांतीय संयोजक के पद पर मनोनित किया है, जिससे सभी न्यायिक कर्मचारियों में नयी उर्जा एवं खुशी का महौल है।

### जिले में अब तक 11.68 लाख क्विंटल धान की खरीदी

**रायपुर।** जिले के सभी उपार्जन केंद्रों में समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदा जा रहा है। इस कड़ी में बुधवार को 2310 किसानों से 1 लाख 11 हजार 157.20 क्विंटल धान की खरीदी की गई। इस प्रकार जिले में अब तक 24631 किसानों से 11 लाख 68 हजार 168.40 क्विंटल की खरीदी हुई है।

### रबी फसल बीमा के लिए आवेदन 31 दिसंबर तक

**रायपुर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए रायपुर जिले में 1 से 7 दिसंबर तक फसल बीमा सप्ताह आयोजित किया है। रबी वर्ष 2025-26 के लिए जिले में बीमा संचालन के लिए एचडीएफसी जनरल इंश्योरेंस कंपनी को चयनित किया है। जिला प्रशासन के अनुसार इस रबी मौसम में चना, अलसी, सरसों, गेहूं सिंचित तथा गेहूं असिंचित को अधिसूचित फसलों में शामिल किया गया है। किसानों के लिए बीमा आवेदन की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025 निर्धारित की गई है।

### 9 दिसंबर से नए विधानसभा में ली जाएंगी ध्यानाकर्षण और स्थगन सूचना

# सवा छह सौ से अधिक सवालों से गरमाएगा शीतकालीन सत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विधानसभा का शीतकालीन सत्र चार दिन के लिए आहूत किया गया है। 14 से 17 दिसंबर तक चलने वाले सत्र के लिए नवा रायपुर के नए विधानसभा भवन में तैयारी पूरी हो गई है। सत्र के लिए विधायकों ने 628 सवाल लगाए हैं। इन सवालों से नवा रायपुर के विधानसभा भवन में होने वाला शीतकालीन सत्र गरमाएगा। विपक्ष और सत्ता पक्ष के अधिकतर विधायकों ने सबसे अधिक ऑनलाइन सवाल लगाए हैं, जिनकी संख्या 604 थी। वहीं 24 सवाल ऑफलाइन लगाए।

सत्र के दौरान पहले दिन रविवार 14 दिसंबर को छत्तीसगढ़ विजन 2047 को लेकर चर्चा की जाएगी। पहले दिन प्रश्नकाल नहीं होगा। सोमवार से बुधवार तक सत्र की कार्यवाही में प्रश्नकाल के साथ अन्य सेशन भी होंगे। इस दौरान सदस्यों द्वारा लाए गए मुद्दों पर भी चर्चा होगी। बताया गया है कि सत्र में लगाए गए सवालों में कानून व्यवस्था, धान खरीदी, सड़कों की बदहाली, राशन वितरण में गड़बड़ी सहित कई मामलों पर सवाल किए जाएंगे। सत्र के लिए 9 दिसंबर से बैठक वाले दिन सुबह 8 बजे तक ध्यानाकर्षण सूचना, स्थगन की सूचना और नियम 267 क के अधीन सूचनाएं दे सकेंगे। सभी सूचनाएं नए विधानसभा भवन में ली जाएंगी। सचिवालय के अनुसार एक सदस्य द्वारा एक दिन के लिए दो ध्यानाकर्षण और एक स्थगन की सूचना ही दी जा सकेगी। तीन दिन के सत्र के लिए एक विधायक के द्वारा 6 ध्यानाकर्षण और 3 स्थगन की सूचनाएं ही स्वीकार की जाएंगी।




### नए विधानसभा भवन में होगी कार्यवाही

उल्लेखनीय है कि सत्र की पूरी कार्यवाही नवा रायपुर स्थित विधानसभा भवन में होगी। 18 नवंबर को पुराने विधानसभा से शुरू हुए सत्र को आगे बढ़ाते हुए चार दिन का सत्र नए विधानसभा भवन में कराने का निर्णय लिया गया है। यहां पर होने वाले चार दिन के सत्र के लिए बैठक व्यवस्था तय नियमों के आधार पर होगी।

### पुराने विधानसभा भवन से शिफ्टिंग

नया विधानसभा भवन तैयार होने के बाद पुराने विधानसभा भवन की फाइलें, फर्नीचर और अन्य सामान की शिफ्टिंग शुरू हो गई है। 10 दिसबर तक इसे पूरा करने का प्लान तैयार किया गया है। सभी सेक्शन के लोगों को आवश्यक दस्तावेजों को व्यवस्थित कर नए विधानसभा भवन में आवंटित स्थान तक ले जाने कहा गया है। सत्र शुरू होने के पहले यह भवन खाली करने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि नए भवन से कामकाज सुचारू रूप से शुरू हो सके।

# राजस्व अधिसूचना का सिस्टम होगा डिजिटल

### राजस्व मंत्री ने छत्तीसगढ़ में ई-गजट ऑनलाइन पोर्टल का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा विकसित नई प्रणाली के तहत राजपत्र प्रकाशन की संपूर्ण प्रक्रिया अब डिजिटल माध्यम से संचालित होगी। पूर्व में विभागों एवं जिला कार्यालयों से मुद्रणालय तक पाण्डुलिपि भेजने की प्रक्रिया समय और भौतिक संसाधनों पर आधारित थी, जिसे अब पूर्णतः ऑनलाइन कर दिया गया है। नए ई-गजट पोर्टल के माध्यम से विभाग अपने आदेश एवं अधिसूचनाएं सीधे अपलोड करेंगे तथा प्रकाशित राजपत्र भी सभी के लिए ऑनलाइन सुलभ रहेगा।

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने मंत्रालय में ई-गजट ऑनलाइन पोर्टल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की सचिव रीना बाबासाहेब कंगाले उपस्थित थीं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल, पारदर्शी और त्वरित बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए ई-गजट ऑनलाईन पोर्टल पोर्टल के माध्यम से अब शासन के सभी विभाग तथा जिला कलेक्टरों द्वारा जारी आदेश, अधिसूचनाएं, अध्यादेश एवं अन्य प्रकाशन सामग्री सीधे ऑनलाइन पाण्डुलिपि रूप में संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग को भेजी जाएगी, जहां से शासकीय मुद्रणालय इसे ई-गजट के रूप में ऑनलाइन प्रकाशित करेगा।



### ई-गवर्नेंस नीतियों को भी मजबूत आधार मिलेगा

ई-गजट प्रणाली लागू होने से अधिसूचना प्रकाशन संबंधी कार्यों में उल्लेखनीय तेजी आएगी। डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से न केवल प्रक्रियाएं सरल होंगी, बल्कि कार्य पूर्णतः पेपर-लेस होने से शासन की ई-गवर्नेंस नीतियों को भी मजबूत आधार मिलेगा। राजपत्रों का ऑनलाइन प्रकाशन पारदर्शिता, सुलभता और रिकॉर्ड प्रबंधन को भी अधिक प्रभावी बनाएगा। छत्तीसगढ़ शासन की यह पहल राज्य में डिजिटल शासन, त्वरित निर्णय प्रक्रिया और प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। ई-गजट पोर्टल के शुभारंभ से अब राजपत्र प्रकाशन अधिक सुगम, समयबद्ध और आधुनिक स्वरूप में उपलब्ध हो सकेगा।

# महतारी वंदन की 22वीं किस्त जारी 67.68 लाख हितग्राहियों को राशि अंतरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- मुख्यमंत्री ने मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के कार्यक्रम में किया जारी

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को गति देने वाली राज्य सरकार की प्रमुख योजना महतारी वंदन के तहत आज 22वीं किस्त का भुगतान मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में आयोजित कार्यक्रम में बटन दबाकर किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा, महतारी वंदन योजना हमारी माताओं और बहनों के सम्मान, सुरक्षा और आर्थिक स्वावलंबन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ की महिलाएं परिवार, समाज और राज्य की उन्नति की आधारशिला हैं और उनका सशक्त होना एक सशक्त प्रदेश की अनिवार्य शर्त है। मुख्यमंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि प्रतिमाह सीधे बैंक खातों में राशि अंतरित होने से माताओं को न केवल आर्थिक संबल मिलता है, बल्कि परिवार की पोषण, स्वास्थ्य और शिक्षा संबंधी ज़रूरतों को पूरा करने में भी सुनिश्चित सहयोग मिलता है। उन्होंने कहा, सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी पात्र हितग्राही इस सहायता से वंचित न रहे तथा पूरी पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ योजना का लाभ निरंतर मिलता रहे। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि महतारी वंदन योजना आने वाले समय में लाखों परिवारों के जीवन में स्थायी सकारात्मक बदलाव का मार्ग प्रशस्त करेगी और छत्तीसगढ़ के विकासयात्रा को नई ऊर्जा देगी।

### 634.65 करोड़ रुपये की राशि जारी

उल्लेखनीय है कि महतारी वंदन योजना 1 मार्च 2024 से प्रारंभ होने के बाद अब तक 21 किश्तों में कुल 13,671.68 करोड़ रुपये की सहायता राशि लाभार्थियों को प्रदान की जा चुकी है। इस माह 67,78,674 पात्र हितग्राहियों के बैंक खातों में राशि डीबीटी के माध्यम से अंतरित की गई। इसमें 67,71,012 हितग्राहियों को 633.89 करोड़ रुपये तथा नियद नेल्ला नार क्षेत्र की 7,662 महिलाओं को 76.30 लाख रुपये प्रदान किए गए। इस प्रकार महतारी वंदन योजना की 22वीं किश्त अंतर्गत कुल 634.65 करोड़ रुपये की राशि पात्र हितग्राहियों को अंतरित की गई।

### मुख्यमंत्री ने दत्तात्रेय जयंती की दी शुभकामनाएं

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भगवान दत्तात्रेय की जयंती (4 दिसम्बर) के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने भगवान दत्तात्रेय से समस्त नागरिकों के सुख, शांति, समृद्धि और कल्याण की कामना की है। मुख्यमंत्री ने कहा, भगवान दत्तात्रेय सत्कर्म, सादगी, विनम्रता, त्याग और ज्ञान के शाश्वत प्रतीक हैं।

### भारतीय नौसेना दिवस आज सीएम की शुभकामनाएं

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 4 दिसंबर को भारतीय नौसेना दिवस के अवसर पर देश की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा में सतत तत्पर भारतीय नौसेना के जांबाज अधिकारियों, वीर जवानों एवं उनके परिजनों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं।

### पीएससी ने बढ़ाई पद संख्या

**रायपुर।** छग लोक सेवा आयोग द्वारा 26 नवंबर को मुख्य सेवा परीक्षा के लिए जारी विज्ञापन में संशोधन किया गया है। पूर्व में यह परीक्षा 238 पदों के लिए प्रस्तावित थी। अब इसमें एक पद की वृद्धि की गई है। परीक्षा अब 239 पदों के लिए होगी। मुख्य सेवा परीक्षा के लिए आवेदन प्रारंभ हो चुके हैं। परीक्षार्थी 30 दिसंबर तक आवेदन कर सकेंगे। संशोधित पद सहित अन्य जानकारियां पीएससी की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

# गाइडलाइन पर बृजमोहन के पत्र को कांग्रेस ने बताया दिखावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर जिला कांग्रेस ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुये कि आज छत्तीसगढ़ में सुशासन के नाम पर लगातार कुशासन का चक्र चल रहा है। जमीन गाइड लाइन वृद्धि को लेकर प्रदेश की जनता को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। एक तरफ मंत्री ओपी चौधरी इसे सरकार की बड़ी उपलब्धि बता रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल इसके विरोध में दिखावे के लिये पत्र व्यवहार रहे हैं, जो महज खानापूर्ति नौटंकी है।

- जन-आंदोलन का करें समर्थन, कांग्रेस पार्टी भी उनके साथ है- विकास

शहर जिला अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन, पप्पू बंजारे, प्रमोद दुबे, गिरीश दुबे, आकाश तिवारी के साथ पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने इस पर कहा, आपको सही में पीड़ा है, तो किसानों और व्यवसायियों के साथ आंदोलन करें। जनहित के लिए सड़क पर उतरकर धरना प्रदर्शन और जन-आंदोलन करें। आम जनता के हित के लिए कांग्रेस पार्टी भी आपको समर्थन देने के लिए तैयार है। विकास उपाध्याय ने कहा कि चिट्ठी लिखना महज एक खानापूर्ति है। इससे पहले भी सिर्फ खानापूर्ति के लिए बृजमोहन अग्रवाल ने कई पत्र लिखें हैं। डबल इंजन की सरकार में रसूखदार नेता अपने ही पार्टी के तुगलकी फरमान के विरोध में नौटंकी करते हुये प्रदेश की भोली-भाली आम जनता को बहला कर बेवक़ूफ़ बनाने का प्रयास कर रहे हैं। राज्य की भाजपा सरकार नई गाइड लाइन को तत्काल निरस्त नहीं करती है, तो कांग्रेस किसानों और व्यापारियों के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन करेगी।

# प्राचार्य व प्रोफेसर की आठ समितियां जांचेंगी लैब अटेंडेंट के दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




- 1603 अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन 8 से 12 तक

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा–2023 के अंतर्गत चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज़ों के सत्यापन की प्रक्रिया 8 से 12 दिसंबर तक चलेगी। सत्यापन कार्य विज्ञान महाविद्यालय परिसर स्थित क्षेत्रीय अपर संचालक (रूसा) कार्यालय में प्रतिदिन सुबह 10:30 से शाम 5:30 बजे तक दो पालियों में संपन्न होगा। आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग डॉ. संतोष देवांगन ने बताया कि 430 पदों के विरुद्ध तीन गुना अभ्यर्थियों को दस्तावेजों के सत्यापन के लिए बुलाया गया है। इसमें सामान्य वर्ग के कुल 538 जिसमें महिला 164 तथा 374 पुरुष, अन्य पिछड़ा वर्ग के 190 में से महिला 56 और 134 पुरुष, अनुसूचित जाति वर्ग के 159 में से महिला 46 और 113 पुरुष तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के 419 में से महिला 123 और 296 पुरुष शामिल होंगे। इसी तरह दिव्यांग वर्ग के 91, भूतपूर्व सैनिक के 206 अभ्यर्थी दस्तावेजों के सत्यापन में शामिल होंगे।

### वरिष्ठ अधिकारी भी रहेंगे शामिल

उच्च शिक्षा विभाग ने दस्तावेज़ों के सत्यापन कार्य को सुचारू और पारदर्शी बनाने के लिए कुल आठ समितियां बनाई हैं। प्रत्येक समिति में प्राचार्य, सहायक प्राध्यापक तथा वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। सभी समितियां 8 से 12 दिसंबर तक प्रतिदिन निर्धारित समय में अभ्यर्थियों के मूल दस्तावेज़ों का परीक्षण करेंगी। इस संबंध में विस्तृत निर्देश उच्च शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। यह प्रक्रिया भर्ती में पारदर्शिता बढ़ाने और चयन कार्य को समय सीमा के भीतर पूर्ण करने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है।

### योजनाओं को दुर्भावना पूर्वक बंद किए जाने का लगाया आरोप

# 2 साल में 17 जनकल्याणकारी योजनाएं बंद, कांग्रेस ने कहा- जनता को किया निराश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार के 2 साल में छत्तीसगढ़ की जनता को निराश किया है। साय सरकार की उपलब्धि के नाम पर पिछली सरकार की योजनायें बंद करना मात्र है। साय सरकार ने जनता के हित में चलाई जाने वाली योजनओं को दुर्भावनापूर्ण बंद किया।

उन्होंने कहा, भाजपा की विष्णुदेव सरकार 2 साल में विफल साबित हो गई। राज्य में भ्रष्टाचार और कुशासन का दौर हावी है। साय सरकार के 2 साल में विष्णु का सुशासन तो दूर विष्णु की सरकार कही नहीं दिख रही। कानून व्यवस्था की स्थिति खराब हो गयी। 18 लाख आवास देने का वादा था, दो साल में हितग्राहियों को मकान नहीं दे पाये। कांग्रेस राज में 7 किलो राशन मिलता था, उसमें कटौती हो गयी। सरप्लस बिजली वाले छत्तीसगढ़ में बिजली कटौती शुरू हो गयी। जमीनों की रजिस्ट्री में जनता को लूटा जा रहा है। भूमि के गाइड लाइन की दर में 30 प्रतिशत के छूट को समाप्त कर दिया, गाइड लाइन की दर 800 प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया, लेकिन रजिस्ट्री फीस में 4 प्रतिशत की बढ़ोतरी को नहीं हटाया गया। भाजपा के दो साल में किसान आत्महत्या दौर चालू हो गया। किसान आत्महत्या कर रहे। राजनांदगांव, बस्तर, बिलासपुर, महासमुंद हर जगह से किसानों की आत्महत्या की खबरें आ रहीं।




### इन योजनाओं को किया बंद

400 यूनिट बिजली बिल हाफ योजना बंद कर दिया, राजीव मितान योजना, गोधन न्याय योजना, शहीद महेन्द्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक बीमा योजना, बेरोजगारी भत्ता, रीपा, मुख्यमंत्री कर्ज माफी, सिंचाई कर माफी, महिला समूहों की ऋण माफी, सीएम आदिवासी परब सम्मान निधि, सीएम छत्तीसगढ़ी परब सम्मान निधि, कोदो कुटकी रागी खरीदी, नरवा-गरवा-घुरवा बारी, मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय, मुख्यमंत्री महतारी दुलार, मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन, धरसा विकास, शहरी गरीबों को पट्टा एवं आवास, छत्तीसगढ़िया ओलिंपिक, मुख्यमंत्री सुपोषण योजना को बंद किया। यह सरकार दुर्भावना वाली सरकार है।

# नई दिल्ली में मई में लगेगा भव्य स्वदेशी मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

भारत के घरेलू व्यापार, स्टार्टअप, इको सिस्टम और लघु उद्योगों सहित कारीगरों को एक साथ राष्ट्रीय मंच पर लाने मई माह में नई दिल्ली के प्रगति मैदान में भव्य स्वदेशी मेला का आयोजन किया जाएगा। कैट ने स्वदेशी जागरण मंच तथा देश के प्रमुख संगठनों के साथ मिलकर वर्ष 2026 के मई माह में स्वदेशी मेला 2026 आयोजित करने का निर्णय लिया है। यह मेला मई में नई दिल्ली के प्रगति मैदान पर ऐतिहासिक रूप से आयोजित होगा।

कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमैन विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि भारत के घरेलू व्यापार, स्टार्ट-अप लघु उद्योगों, कारीगरों, एमएसएमई और मेड इन इंडिया उत्पादों को एक साथ राष्ट्रीय मंच पर लाने के लिए कैट ने स्वदेशी जागरण मंच तथा देश के प्रमुख संगठनों के साथ मिलकर वर्ष मई माह में नई दिल्ली के प्रगति मैदान में सबसे भव्य स्वदेशी मेला-2026” आयोजित करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। पदाधिकारियों ने बताया कि गत 25 नवंबर को नई दिल्ली में आयोजित कैट की राष्ट्रीय गवर्निंग काउंसिल की बैठक में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कैट को स्वदेशी मेला लगाने का सुझाव दिया था। अमर पारवानी ने बताया कि यह मेला न केवल भारत के व्यापार, उद्योग और कारीगरी की शक्ति को प्रदर्शित करेगा, बल्कि मेड इन इंडिया उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने और भारतीय उद्यमशीलता को नए शिखर तक ले जाने का सबसे बड़ा मंच बनेगा। देशभर के उद्योगों, स्टार्ट-अप्स, महिला उद्यमियों, कारीगरों व छोटे निर्माताओं के लिए यह एक स्वर्णिम अवसर है कि वे अपने उत्पादों और नवाचारों को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय बाजारों के सामने प्रस्तुत कर सकें।

श्री पारवानी ने बताया कि इस ऐतिहासिक आयोजन के देश के प्रतिष्ठित उद्योगपति डॉ. राम गोपाल गोयल की अध्यक्षता में एक राष्ट्रीय संचालन बोर्ड विशेष रूप से गठित किया गया है।

## खबर संक्षेप



### आंगनबाड़ी के मरम्मत के लिए आई राशि का अब तक उपयोग नहीं

**महासमुंद।** नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने नपा अधिकारी अशोक सलामे को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि छग शासन द्वारा महिला बाल विकास विभाग से नगर पालिका को आंगनबाड़ी भवनों के मरम्मत जीर्णोद्वार के लिए 21 लाख 60 हजार रुपए प्राप्त हुए लगभग 5 माह हो गए। लेकिन, अभी तक इस दिशा में ठोस पहल नही हुई है। तत्काल आंगनबाड़ी भवनों का जायजा लेकर सूची तैयार कर शीघ्र मरम्मत कराया जाए। नपाउपाध्यक्ष ने कहा कि राशि वित्तीय वर्ष में खर्च नही होगी, ऐसी स्थिति में शासन वापस मांग लेगी। जबकि, मरम्मत आवश्यक कार्य है। मरम्मत होने से आगंनबाड़ी के संचालन में आसानी होगी। जिस पर सीएमओ अशोक सलामे ने कहा कि मुझे कोई जानकारी नही है। राशि के बाबत नपा में एकाउन्ट शाखा की जवाबदारी है कि ऐसे आवश्यक विषयों की जानकारी नगर पालिका के सीएमओ करायी जाए। राठी ने सीएमओ से तत्काल आंगनबाड़ी भवन मरम्मत की दिशा में ठोस पहल करने को कहा।

### महतारी सदन के लिए विधायक ने भोरिंग में किया स्थल निरीक्षण



**महासमुंद।** ग्राम भोरिंग में प्रस्तावित महतारी सदन के लिए गुरुवार को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान तेजेंद्र शर्मा, रमेश साहू, राधेश्याम साहू, राजू साहू, शरद मराठा सहित अन्य उपस्थित रहे।

### शैक्षणिक भ्रमण में छात्रों को ले गए बैंक, कामक़ाज को जाना

महासमुंद। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम शासकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय में संचालित नवीन व्यावसायिक पाठ्यक्रम बैंकिंग के छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण के लिए जना स्मॉल फाइनेंस घोड़ारी ले जाया गया। सभी छात्र-छात्राओं को बैंक के मैनेजर हेमंत अंबिलकर ने बैंक के विभिन्न योजनाओं एवं क्रियाकलापों को बच्चों से साझा किया कि कैसे एक सामान्य व्यक्ति को बैंक सुविधा पहुंचाती है। बैंक के खाता के प्रकारों एवं सरकारी योजनाओं एवं लोन संबंधी सुविधाओं को बताया गया। बच्चों के साथ व्याख्याता डॉक्टर संध्या चंद्राकर, हेमंत डड़सेना, नरेंद्र सिंह, आर साहू, तृप्ति ध्रुव भी साथ गए। प्राचार्य हेमेंद्र आचार्य एवं समस्त स्टाफ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

**दिवस : भाटापारा व्यवहार न्यायालय के 20वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य न्यायाधीश हुए शामिल**

# न्यायालय का स्थापना दिवस सामूहिक यात्रा और विधिक समुदाय की अटूट भावना का है उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

अधिवक्ता संघ भाटापारा द्वारा बुधवार को व्यवहार न्यायालय परिसर भाटापारा में व्यवहार न्यायालय का 20 वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा की उपस्थिति ने समारोह को विशेष बना दिया। कार्यक्रम में न्यायमूर्ति राकेश मोहन पाण्डेय की गरिमामयी उपस्थिति रही।

मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने न्यायपालिका एवं अधिवक्ता समुदाय की भूमिका पर गहन और प्रेरक विचार व्यक्त किये। मुख्य न्यायाधीश ने इस अवसर को केवल औपचारिक आयोजन न बताते हुए कहा कि यह सामूहिक यात्रा, साझा मूल्यों और विधिक समुदाय की अटूट भावना का उत्सव है। उन्होंने बार एवं बेंच के संतुलित संबंध को न्याय व्यवस्था की आधारशिला बताते हुए कहा कि जब दोनों संस्थाएं सौहार्द और परस्पर सम्मान के साथ कार्य करती हैं, तभी न्याय प्रणाली विश्वास एवं स्पष्टता के साथ आगे बढ़ती है। उन्होंने भाटापारा बार एसोसिएशन की स्थापना से लेकर आज तक की प्रगति को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि एसोसिएशन ने अधिवक्ताओं के व्यावसायिक उत्थान, मार्गदर्शन, नैतिकता और अनुशासन को सदैव प्राथमिकता दी है।

मुख्य न्यायाधीश ने विशेष रूप से युवा अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपके तर्क मुकदमे तो जिता सकते हैं, लेकिन आपकी इमानदारी ही न्याय व्यवस्था में स्थायी विश्वास अर्जित करती है। अनुशासन, विनम्रता और निरंतर सीखने की भावना ही आपको इस पवित्र पेशे में सफलता दिलाएगी। वरिष्ठ अधिवक्ताओं के अनुभव को उन्होंने प्रकाशस्तंभ की उपमा देते हुए कहा कि अगली पीढ़ी इन्हीं के मार्गदर्शन से अपने पेशेवर जीवन की दिशा तय करती है। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी बार एसोसिएशन की वास्तविक शक्ति उसकी संख्या में नहीं, बल्कि उसकी एकता, पेशेवर आचरण और न्याय के प्रति उसकी निष्ठा में होती है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भाटापारा बार एसोसिएशन आगे भी समाज सेवा, निष्पक्षता और विधिक उत्कृष्टता का प्रतीक बनी रहेगी।

मुख्य न्यायाधीश ने भाटापारा व्यवहार न्यायालय की न्यायिक प्रगति का उल्लेख करते हुए बताया कि 3 दिसंबर 2005 को भाटापारा सिविल कोर्ट का उद्घाटन हुआ था, वर्तमान में भाटापारा बार एसोसिएशन अधिवक्ताओं की संख्या 163 सदस्यों तक पहुंच चुकी है। प्रारंभ में सिविल जज जूनियर डिवीजन एवं एडीजे न्यायालय की स्थापना हुई, बाद में सिविल जज सीनियर डिवीजन और अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश न्यायालय की स्थापना की गई। मुख्य न्यायाधीश महोदय ने अपने उद्बोधन में कहा कि 6 नवंबर 2025 को छः नए न्यायालय कक्षों के निर्माण हेतु शिलान्यास किया गया, जो क्षेत्र की न्यायिक आवश्यकताओं को देखते हुए एक महत्वपूर्ण कदम है। माननीय मुख्य न्यायाधीश द्वारा सभी को भाटापारा व्यवहार न्यायालय की स्थापना दिवस की बधाई दी गई है।

कार्यक्रम की शुरुआत जीडी मानिकपुरी वरिष्ठ अधिवक्ता भाटापारा के स्वागत भाषण से हुई और समापन अनिल मिश्रा अध्यक्ष अधिवक्ता संघ भाटापारा के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। इस कार्यक्रम में रजिस्ट्रार जनरल रजनीश श्रीवास्तव, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बलौदाबाजार-भाटापारा तथा जिला बलौदाबाजार एवं भाटापारा के न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारीगण, अधिवक्तागण, न्यायालयीन कर्मचारी और इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के प्रतिनिधि शामिल थे।



### न्यायिक प्रशासन में आई ऐतिहासिक प्रगति को रेखांकित

इस अवसर पर न्यायमूर्ति राकेश मोहन पाण्डेय द्वारा मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा के उत्कृष्ट नेतृत्व, दूरदृष्टि और उनके कार्यकाल में न्यायिक प्रशासन में आई ऐतिहासिक प्रगति को रेखांकित करते हुए महत्वपूर्ण बातें साझा की। न्यायमूर्ति राकेश मोहन पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में बताया कि 29 मार्च 2023 को मुख्य न्यायाधीश के रूप में पदभार ग्रहण करने के बाद न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने न्यायिक कार्यों की गति को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाया है जहां उनके पदभार ग्रहण करते समय उच्च न्यायालय में लगभग 95 हजार प्रकरण लंबित थे और मुख्य न्यायाधीश के कुशल नेतृत्व और सतत प्रयासों से वर्तमान में यह संख्या घटकर 78 हजार रह गई है जो कि महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

### 95 निर्माण कार्य पूर्ण

न्यायमूर्ति राकेश मोहन पाण्डेय ने विस्तृत रूप से बताया कि मुख्य न्यायाधीश के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ की न्यायिक अवसंरचना में जितनी प्रगति हुई है, उतनी प्रगति पिछले दो दशकों में नहीं हुई। उनके द्वारा बताया गया कि न्यायाधीश के कार्यकाल में उच्च न्यायालय में 7 नई कोर्ट बिल्डिंग, 80 आवासीय परिसर और 8 अन्य महत्वपूर्ण निर्माण समेत 95 निर्माण कार्य हुए हैं। जिला न्यायपालिका में 26 कोर्ट बिल्डिंग का निर्माण प्रारंभ हुआ, जिसमें से कुछ पूर्ण हो चुकी हैं, कुछ निर्माणाधीन हैं और कुछ का हाल ही में शिलान्यास किया गया है। इसी तरह न्यायिक अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए 24 स्थानों पर आवासीय परियोजनाएं स्वीकृत है, कुछ जगहों पर कार्य पूर्ण हो चुका, कुछ जगहों पर कार्य चल रहा है। न्यायमूर्ति राकेश मोहन पाण्डेय ने कहा कि पिछले ढाई वर्षों में जितना निर्माण कार्य हुआ है, उतना पूरे 22 वर्षों में नहीं हुआ था। यह मुख्य न्यायाधीश महोदय की कार्यकुशलता, दूरदृष्टि और न्यायपालिका के विकास के प्रति समर्पण का स्पष्ट प्रमाण है।

## कबीर पंथियों ने किया पौधारोपण



पलारी। ग्राम पंचायत बिनौरी में गुरुवार को गुरु पूर्णिमा पर गांव के कबीर पंथियों द्वारा पुराना तालाब पार में विभिन्न प्रकार के छायादार और फलदार पौधा का रोपण किया। साथ ही पौधे की सुरक्षा का संकल्प भी लिया। इस दौरान कबीर पंथियों ने कहा कि इस धरा पर करोड़ों अरबों में मनुष्य और जीव जंतु वास करते हैं तथा सभी का जीवन प्रकृति पर ही निर्भर है, इसलिए हमें अनिवार्य रूप से पौधारोपण प्रकृति संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी अवश्य निभानी चाहिए। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि सनकुमार साहू, पंच प्रतिनिधि रामकुमार साहू, शोभित साहू, सुखी साहू, मनोज साहू आदि उपस्थित थे।

## पूर्व मुख्यमंत्री सिंहदेव का पलारी में हुआ जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यू ⏭ पलारी

- एसआईआर के संबंध में कार्यकर्ताओं से ली जानकारी

पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव गुरुवार को पलारी प्रवास पर रहे। वे सर्वप्रथम संडी पहुंचे, जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूल माला से स्वागत किया। तत्पश्चात कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे के गांव गबोद पहुंचकर उनके पिता को श्रद्धांजलि अर्पित की और परिवारजनों को ढांढस बंधाया। पश्चात पहदा में सरजू घृतलहरे के नेतृत्व में बाजे गाजे के साथ जोरदार स्वागत किया। पलारी नगर पहुंचने पर पूर्व जिलाध्यक्ष के हितेन्द्र ठाकुर के निवास पहुंचे, जहां उन्होंने विधानसभा प्रभारी मनीष चंद्राकर से एसआईआर के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने एस आई आर में किसी का नाम न छुटे इसमें सरकार को ठीक से काम करने की नसीहत दी। कार्यकर्ताओं से किसानों को धान खरीदी में हो रही परेशानियों से अवगत हुए। टीएस सिंहदेव ने भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि भाजपा सरकार में किसान संकट में है, किसानों को जहां धान बेचने में परेशानी आ रही है, वहीं धान खरीदी की लिमिट बहुत ही कम है, जिससे किसान धान नहीं बेच पा रहे हैं। किसानों के साथ अन्याय कांग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगी।

इस दौरान सुरेंद्र शर्मा, विद्याभूषण शुक्ल, खिलेंद्र वर्मा, नगर अध्यक्ष पलारी गोपी साहू, उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, नगर अध्यक्ष रोहांसी नंदेश्वर साहू, उपाध्यक्ष पीताम्बर साहु, ब्लॉक अध्यक्ष सुनील कुर्रे,बिसेसर वर्मा, अश्वनी वर्मा, प्रवीण धुरंधर, रूपेश ठाकुर, सुनील भतपहरी, वीरेंद्र माहेश्वरी, हरसू वर्मा, इंद्र वर्मा, पार्षद नेमसिंह बांधे, लेखुराम वर्मा, नारायण धीवर, कुमार धीवर, घनश्याम धिरहे, ऋषि साहू, पुनीत रजक सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## वन्य प्राणियों को बचाने अभयारण्य के गड्ढों को बनाया जाए सुगम व समतल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

- वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन सोसायटी ने वन विभाग से कदम उठाने मांग की

बारनवापारा अभयारण्य और इससे लगे वन क्षेत्रों में वन्य प्राणियों के गड्ढों में गिरकर घायल या मृत होने की घटनाओं को देखते हुए, वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन सोसायटी ने वन विभाग से महत्वपूर्ण कदम उठाने की मांग की है। संस्था के अध्यक्ष निखिलेश त्रिवेदी ने विभाग से ऐसे गहरे गड्ढों में सुधार करने का आग्रह किया है ताकि वन्य प्राणी स्वयं बाहर निकल सकें।

वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन सोसायटी के अध्यक्ष निखिलेश त्रिवेदी ने बताया कि पिछले माह हाथियों के गड्ढे में गिरने की घटना के बाद, हाल ही में एक और दुर्भाग्यपूर्ण घटना सामने आई है। बारनवापारा अभयारण्य से लगे महानदी के निकट एक सामान्य वन परिक्षेत्र में एक चीतल के नन्हें शिशु (मृगछौना) की गड्ढे में गिरने से मृत्यु हो गई।


त्रिवेदी के अनुसार, गहरे गड्ढे में गिरने के कारण मृगछौना भूख-प्यास से तड़पता रहा। एक चौकीदार ने गश्त के दौरान उसे देखकर गड्ढे से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसके प्राण जा चुके थे। वन अधिकारियों ने बाद में चीतल के शव का पोस्टमार्टम करवाकर अंतिम क्रिया संपन्न की।

त्रिवेदी ने इस घटना में वन विभाग का प्रत्यक्षतः कोई दोष न मानते हुए भी, हाल ही में हुई एक अन्य घटना में विभाग की मुस्तैदी की प्रशंसा की। उन्होंने विगत दिनों एक गड्ढे में गिरे तीन हाथियों के सफल बचाव कार्य को प्रकृति सेवा बताया। वन विभाग की त्वरित कार्रवाई के कारण, बहुत कम समय में जेसीबी बुलवाकर सभी हाथियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था।

वन्य प्राणियों को गड्ढों में गिरने से होने वाली असमय मृत्यु से बचाने के लिए, वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन सोसायटी ने वन विभाग से ठोस कार्रवाई की मांग की है। अध्यक्ष निखिलेश त्रिवेदी की ओर से की गई मांग में

बारनवापारा अभयारण्य और इससे लगे सामान्य वन परिक्षेत्रों में मौजूद गहरे और तीखे ढलान वाले गड्ढों को चिन्हांकित किया जाए। चिन्हांकित गड्ढों के एक तरफ का स्लोप या ढाल बेहद कम कर दिया जाए। इस सुधार का उद्देश्य यह है कि गड्ढे में गिरा वन्यप्राणी मानवीय मदद पहुंचने से पहले ही किसी तरह स्वयं बाहर निकलने में सक्षम हो सके।

### महिलाओं ने रखा अगहन व्रत ...



**लवन।** क्षेत्र के ग्रामीण अंचल में अगहन बृहस्पति पर्व महिलाओं ने मनाया। महिलाओं ने अंतिम गुरवार को व्रत रखा और पूजा अर्चना के लिए द्वार पर रंगोली बनाई।

## धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे सीईओ अरुण कुमार



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेल

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सेल में सहकारिता विभाग के सीईओ अरुण कुमार सूर्यवंशी ने धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। कर्मचारियों ने सीईओ अरुण कुमार को धान खरीदी केंद्र में किसानों की समस्याओं के बारे में लिमिट बढ़ाने ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा धान खरीदी केंद्र में किसानों को किसी प्रकार परेशानी नहीं हो। किसानों को समस्याओं का समाधान करना जरूरी हैं। सीईओ ने वहां के कर्मचारियों, हेमालों और मंडी अध्यक्ष की तारीफ की। इस मौके पर मंडी अध्यक्ष देवनारायण जायसवाल, प्रभारी प्रबंधक महेश्वर साहू, रामचरण साहू, पोलिंग बूथ अध्यक्ष कर्मचारी सनत कुमार साहू, धर्मेंद्र साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष

### मुख्यमंत्री ने सुहेला...

पर पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, प्रमोद कुमार शर्मा, जिला पंचायत सदस्य ईशान वैष्णव, जिला अध्यक्ष आनंद यादव, भाजपा मंडल सुहेला अध्यक्ष हेमंत बाघमार, लक्ष्मी वर्मा, लक्ष्मी बघेल, अदिति बाघमार, रिपु सुदन वर्मा, खेमलाल वर्मा, जिला पंचायत सदस्य मोहन वर्मा, रवेली सरपंच सरोज साहू, सुहेला सरपंच मोगरा, देवा धृलहरे, करण वर्मा, युगल किशोर वर्मा, दिनेश चौरे, जनपद पंचायत शिमगा के अध्यक्ष दौलतपाल, नयापारा सरपंच डोमार मारकंडे, फरहदा सरपंच महेश जांगड़े, बलौदाबाजार नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, थनवार सिंह वर्मा, बुद्धा लाल नायक सहित भारी संख्या में ग्रामीण जन एवं जनप्रतिनिधि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भाटापारा को नगर...

खोखली, सेमरिया, आलेसुर, कोडापार, मुढ़ीपार, चमारी, गोगिया, खपराडीह, सेन्दरी, सुरखी, तरेगा, टिकुलिया सहित कुछ अन्य गांव को मिलाकर भाटापारा नगर निगम का गठन किया जाना चाहिए।

### आछ लाख का धान ...

उक्त कार्रवाई के दौरान मंडी सचिव शेख अब्दुल रहमान, बिलाईगढ़ एसडीएम प्रफुल्ल रजक, मंडी इंस्पेक्टर मनीष सिंह एवं शुभम सोनी उपस्थित थे।

### सोसायटी के ...

इसके बाद समस्त हितग्राहियों ने सहायक खाद्य अधिकारी से चर्चा की, जिसके उपरांत आसपास के ग्रामों की दुकानों से खाद्यान्न सामग्री दिलाने की व्यवस्था की गई। 28 नवंबर तक 208 हितग्राहियों को चावल उपलब्ध कराने के लिए सामग्री ग्राम पंचायत सलिहाघाट की उचित मूल्य दुकान से उठाव की गई। 3 दिसंबर को चिचोली निवासियों ने एसडीएम से मुलाकात की और उन्हें लिखित आवेदन के संबंध में पूरी जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने शासन-प्रशासन से सरपंच और कल्याणी महिला स्व सहायता समूह द्वारा किए गए कार्य की जांच करने और उचित कार्यवाही करते हुए दुकान का संचालन वापस ग्राम चिचोली में ही करने की मांग की।चिचोली निवासियों ने प्रशासन से मांगें की हैं, उचित मूल्य की दुकान के स्टॉक की तत्काल और गहन जांच की जाए। दोषियों पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाए। शासकीय उचित मूल्य दुकान का संचालन पुनः ग्राम चिचोली में ही शुरू किया जाए। 208 हितग्राहियों को राशन सामग्री ग्राम पंचायत सलिहाघाट उचित मूल्य दुकान से दी जाए।

## एसडीएम ने बच्चों को सरल टिप्स देकर अंग्रेजी का डर दूर किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भवानीपुर



अक्सर बच्चे अंग्रेजी विषय को लेकर एक डर या झिझक महसूस करते हैं, लेकिन जब उन्हें इस भाषा को सरल और सहज तरीके से समझाया जाए, तो यह डर जल्दी ही उत्साह में बदल जाता है। यही प्रेरणा लेकर पलारी के एसडीएम दीपक निकुंज आज देवसुंद्रा मिडिल स्कूल पहुंचे और छठवीं कक्षा के बच्चों को न सिर्फ अंग्रेजी पढ़ाई, बल्कि उन्हें इसे आसानी से सीखने के व्यावहारिक टिप्स भी दिए।

निरीक्षण के दौरान स्कूल पहुंचे एसडीएम निकुंज सीधे कक्षा में जाकर बच्चों के बीच बैठ गए। उन्होंने बच्चों से अंग्रेजी की किताब पढ़वाई और खुद भी पाठ पढ़ाकर समझाया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से कहा कि अंग्रेजी कोई कठिन विषय नहीं, बल्कि एक सरल भाषा है, जिसे थोड़े नियमित अभ्यास और सही तरीके से आसानी से सीखा जा सकता है।

एसडीएम ने बच्चों को अंग्रेजी सीखने के कई आसान उपाय बताए। उन्होंने कहा कि रोजाना कम से कम पांच नए शब्द सीखें और उन्हें बोलचाल में इस्तेमाल करने की कोशिश करें। कहानी की किताबें पढ़ने, अंग्रेजी गाने सुनने और कार्टून देखने से भी भाषा पर पकड़ बनती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि गलतियों से डरना नहीं चाहिए, बल्कि बोलने और लिखने का लगातार अभ्यास करना चाहिए।

बच्चों ने भी इस सहज माहौल में उत्साह से भाग लिया और अपनी किताबें पढ़कर सुनाईं। एसडीएम ने उनके सवालों के जवाब दिए और हर बच्चे का हौसला बढ़ाया। उन्होंने शिक्षा के व्यापक महत्व पर भी बात की और कहा कि अंग्रेजी आज के दौर में एक जरूरी कौशल है, जो उनके भविष्य के रास्ते खोल सकती है।

## श्याम राइस मिल झलप से 9562 क्विंटल धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



जिले में अवैध धान परिवहन एवं भंडारण पर सख्त निगरानी तथा राइस मिलों के भौतिक सत्यापन कार्य के क्रम में गुरुवार को श्याम राइस मिल झलप में भौतिक सत्यापन निरीक्षण में 9562 क्विंटल धान तथा ग्राम चिवराकूटा में 250 कट्टा धान जब्त किए जाने की कार्रवाई की गई।

महासमुंद विकासखण्ड अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अक्षा गुप्ता के नेतृत्व में श्याम राइस मिल झलप में भौतिक सत्यापन किया गया। इस दौरान राजस्व, खाद्य, मंडी के संयुक्त टीम द्वारा धान स्टॉक गणना किया गया। जिसमें स्टॉक शॉर्टेज पाया गया। कस्टम मिलिंग धान उपार्जन नियम 2016 एवं मंडी अधिनियम के तहत 9562 क्विंटल धान जब्त करते हुए त्वरित कार्रवाई की गई। इसी तरह विकासखण्ड सरायपाली में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुपमा आनंद के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा ग्राम चिवराकूटा में 250 कट्टा धान जब्त करते हुए त्वरित कार्रवाई की गई। टीम द्वारा धान के अवैध परिवहन और भंडारण की सूचना पर मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की गई।



सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
05 दिसम्बर 2025
SHOW TIME
धुरंधर
शो समय - 12:00,3:45, 6:00, 9:00 PM
तेरे इश्क में
शो समय - 12:00,3:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप

### हेमलता बनीं महिला मोर्चा संघ की प्रदेशाध्यक्ष



**गिधौरी।** छत्तीसगढ़ संत शिरोमणि रविदास समाज द्वारा महिला मोर्चा संघ में पदाधिकारी की नियुक्ति की गई है, जिसमें खपरीडीह निवासी हेमलता मिरी को महिला मोर्चा संघ के प्रदेशाध्यक्ष कार्यकारिणी के रुप नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार मीना बाई डहरिया ग्राम टेमरी को उपाध्यक्ष और विनोदनी बाई डहरिया को सचिव बनाया गया है। संत शिरोमणि रविदास समाज के प्रमुख द्वारा नियुक्त किये जाने पर समाज एवं जन प्रतिनिधियों ने खुशी जाहिर की।

### भाटापारा में सुफर फास्ट ट्रेनों के स्टापेज की मांग

**भाटापारा।** राज्य के बिलासपुर रेलवे जोन व रायपुर रेल डिवीजन के अंतर्गत भाटापारा एक महत्वपूर्ण और विशिष्ट आय देने वाला रेलवे स्टेशन है। यह रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, रायगढ़ के पश्चात सर्वाधिक आय अर्जित करने वाला सबसे बड़ा रेलवे स्टेशन भी है। इस स्टेशन से सात विधानसभा क्षेत्र के लोग अपनी रेल यात्रा करते हैं। भाटापारा स्टेशन के नजदीक सीमेन्ट संयंत्रों के साथ-साथ स्वयं भाटापारा शहरी क्षेत्र लगभग 500 से अधिक राइस मिल, दाल मिल, पोहा मिल व अन्य उद्योग संचालित हैं, जहां से लोग देशभर में सफर करते है। इसके मद्दे नजर रखते हुए भाटापारा रेलवे स्टेशन में एक लंबे समय से महत्वपूर्ण ट्रेनों का स्टॉपज देने की मांग क्षेत्र की जनता कर रही है। लेकिन रेलवे के उच्चाधिकारियों और राजनेताओं रवैये से यहां सुफर पास्ट ट्रेनों का स्टॉपेज नहीं मिल पा रहा है, जबकि भाटापारा रेलवे स्टेशन से कम आय देने वाले चांपा खरसिया एवं डोगरगढ़ जैसे छोटे स्टेशनों में उस क्षेत्र के नेताओं ने रुचि लेकर जनहित में अनेक महत्वपूर्ण ट्रेनों का स्टापेज करा लिया है। क्षेत्रवासियों ने एक बार फिर महत्वपूर्ण यात्री ट्रेनों का ठहराव भाटापारा रेलवे स्टेशन में कराने की गुहार लगाई है।

### अगहन पुन्नी पर की गई लक्ष्मी की विशेष पूजा



**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम कोटादादर में अगहन पुन्नी पर गुरुवार को माता लक्ष्मी की विशेष पूजा अर्चना की गई। अपने-अपने घर के आंगन को रंगोली में सजाए। चावल आटे से पद चिन्ह भी बनाए गए। गांव की अनुसुया बाई ध्रुव, हेमलताबाई ध्रुव आदि ने अगहन पर प्रत्येक गुरुवार को व्रत उपासना को विशेष बताया है।

# वन हर्बल उत्सव में छात्रों ने रोपे विभिन्न प्रजातियों के पौधे

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार**

वन परिक्षेत्र सोनाखान अंतर्गत ग्राम असनीद के बजरंग चौक में वन हर्बल उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वन परिक्षेत्र अधिकारी सोनाखान दीपक कौशिक एवं उनकी टीम की उपस्थिति में औषधीय पौधों की पहचान, उनके औषधीय उपयोग, तेंदूपत्ता एवं अन्य लघु वनोपज के संग्रहण-प्रक्रिया तथा समर्थन मूल्य पर खरीद से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही क्षेत्रवासियों को वन विभाग की जनहितैषी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई।

इसी क्रम में बलौदाबाजार स्थित कृष्ण कुंज में जन प्रतिनिधियों, स्कूली छात्राओं एवं शिक्षकों की सहभागिता से पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपवनमण्डलाधिकारी बलौदाबाजार निश्चल चंद्र शुक्ला द्वारा वृक्षों के महत्व, किसान वृक्ष मित्र योजना, पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु संतुलन के संबंध में जागरूकता संदेश दिया गया। रजत जयंती पर्व अंतर्गत स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यमिक स्कूल, बलौदाबाजार में रंगोली प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों द्वारा वन एवं पर्यावरण संतुलन, वनस्पति एवं जैव विविधता का संबंध, ग्लोबल वार्मिंग एवं वन संरक्षण में सूचना प्रौद्योगिकी की भूमिका जैसे विषयों पर आकर्षक रंगोलियां बनाई गईं। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल अनिरुद्ध कश्यप एवं वनरक्षक मनमोहन टंडन उपस्थित थे।

## क्षेत्रवासियों को वन विभाग की जनहितैषी योजनाओं के बारे में दी गई जानकारी



### बांध में पाई जाने वाली पक्षी प्रजातियों की दी जानकारी

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला डाढ़ाखार में एक पेड़ छत्तीसगढ़ महतारी के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम वन परिक्षेत्र अधिकारी बल्दाकछार गीतेश कुमार बंजारे द्वारा सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर खुड़मुड़ी की सरपंच विमला बाई चौहान, वन प्रबंधन समिति डाढ़ाखार के अध्यक्ष कुमार सिंह गोंड, शिक्षकगण एवं स्थानीय ग्रामीण सहभागिता के साथ उपस्थित रहे। वृक्षारोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण एवं छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत के सम्मान का संदेश दिया गया।वन परिक्षेत्र बल्दाकछार के ही ग्राम बरबसपुर में पक्षी महोत्सव के तहत वहां के बांध में पाई जाने वाली पक्षी प्रजातियों की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। कार्यक्रम में गांव के लोगों की सक्रिय उपस्थिति रही तथा वन प्रबंधन समिति बरबसपुर के अध्यक्ष प्यारे लाल पटेल व अन्य ग्रामीणों को पक्षी संरक्षण के महत्व से अवगत कराया गया।

## तालाब केवल जल स्रोत नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन का महत्वपूर्ण केंद्र

# विधायक ने रंगमंच निर्माण का भूमि पूजन किया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा**



विकासखंड के ग्राम रोहरा के बंधवा तालाब एवं शिव मंदिर परिसर में चबूतरा निर्माण कार्यों का भूमिपूजन विधायक इन्द्र साव ने किया। ग्रामीणों की यह मांग लंबे समय से लंबित थी। ग्रामवासियों का कहना था कि किसी भी दुःख–सुख के अवसर पर विशेषकर मुंडन संस्कार या शोक संवेदना से जुड़े कार्यों के दौरान तालाब किनारे बैठक व्यवस्था और चबूतरे के अभाव में उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। विधायक साव ने ग्रामवासियों की इस महत्वपूर्ण मांग को स्वीकार करते हुए बंधवा तालाब एवं शिव मंदिर परिसर दोनों स्थानों पर रंगमंच चबूतरा निर्माण की स्वीकृति प्रदान की और आज विधिवत उसका भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर विधायक साव ने कहा कि ग्रामीण परिवेश में तालाब केवल जल स्रोत नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन का महत्वपूर्ण केंद्र होते हैं। ग्राम के हर दुःख-सुख के कार्य तालाब से जुड़े रहते हैं, इसलिए इनके संरक्षण, सौंदर्यीकरण और रखरखाव की जिम्मेदारी हम सबकी है।

विधायक के इस निर्णय से ग्राम रोहरा के लोगों में संतोष एवं उत्साह का माहौल है। उक्त अवसर पर मुख्य रूप से सरपंच गुलाब साहू, उपरपंच प्रतिनिधि गोरेलाल सावरा, अजीत साहू, बलदाऊ वैष्णव, अभिषेक साहू, दिलहरण साहू, निहाली साहू, भगवानी निषाद, विजय गायकवाड़, दिलीप घृतलहरे, कन्हैया घृतलहरे, जगमोहन निषाद, रामाश्रय जलक्षत्री, भगवती यदु, ननका यदु,कोमल साहू, मनहरण यादव, दिलहरण यदु, नरेश यदु सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# गुर्रा में महिला कमांडो टीम गठित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा**

नशा मुक्ति अभियान के तहत ब्लाक के ग्राम गुर्रा में महिला कमांडो का गठन होने पर विधायक इंद्र साव ने प्रसन्नता व्यक्त की।

■ विधायक इंद्र साव ने बेंच लगाकर किया सम्मानित

विदित हो कि गांव-गांव में लगातार अवैध शराब की बिक्री से गांवों का दूषित वातावरण को ध्यान में रखते हुए पंचायत प्रतिनिधियों के सहयोग महिला कमांडो का गठन कर उन्हें स्वतंत्र रूप से कार्य करने की आजादी दी जा रही है, जिसका परिणाम भी सार्थक मिल रहा है। ब्लाक के ग्राम गुर्रा में भी महिला कमांडो का गठन किया गया है, जो क्षेत्र में नशा मुक्ति के लिए ना केवल कार्य करेगी, बल्कि गांव को शराब जैसी कुरीतियों से दूर रखने का कार्य करेगी।

ग्राम गुर्रा में महिला कमांडो का गठन होने पर क्षेत्र के विधायक इंद्र साव ने उनका उत्साहवर्धन करते हुए उनका बेच लगा कर स्वागत किया। इस दौरान विधायक साव ने कहा कि क्षेत्र में नशा खोरी का कार्य करने वालों को अब सजग होना होगा और उन्हें यह क्षेत्र छोड़ना पड़ेगा क्योंकि अब यहां की कमान महिलाओं ने संगठित रूप से संभाल ली है। विधायक साव ने कहा कि नशा से व्यक्ति ही नहीं बल्कि पूरा परिवार टूटता है। उन्होंने लोगों से नशापान से दूर रहने की अपील करते हुए कहा अगर नशा करना ही है तो नशा ऐसा करो कि उनके बच्चे अच्छी और ऊंची शिक्षा प्राप्त कर अपना अपने परिवार और अपने गांव शहर का नाम रोशन कर सके। विधायक इंद्र साव ने विधान सभा क्षेत्र में महिला कमांडो के गठन पर पंचायत प्रतिनिधियों को सामने आने का आग्रह भी किया।



इस महिला कमांडो गठन पर सरपंच गंगा ध्रुव, उप सरपंच सीमा साहू, गोवर्धन ध्रुव, अध्यक्ष कमला खुटे, उर्मिला ध्रुव, आरती सोनी, पंच बाई रात्रे, किरण रात्रे, सावित्री बंजारे, संतन घृत लहरे, सरोज जायसवाल, ईश्वरी साहू, ईश्वरी सोनी, निर्मला साहू सहित महिला कमांडो की सभी सदस्य उपस्थित थीं।

# डीएसपी बनने पर कॉलेज प्रबंधन ने पूर्व छात्र कमलेश का किया अभिनंदन




**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़**

शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय में डीएसपी पद पर चयनित कमलेश राकेश का अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ मिश्र ने प्रसन्नता व्यक्त की गई कि इस महाविद्यालय में अध्ययन करने वाले छात्र ने आर्थिक दृष्टि से बहुत संपन्न नहीं होने पर भी संघर्ष पूर्वक अपने लक्ष्य को प्राप्त किया।

कार्यक्रम में कमलेश के पिता पंचराम राकेश का भी स्वागत किया गया। प्राचार्य ने महाविद्यालय के लिए इसे ऐतिहासिक गौरव का विषय बताया। इस अवसर पर कमलेश राकेश ने महाविद्यालय में बिताए पूर्व समय को याद किया और गुरुजनों के साथ-साथ अपने परिवार व समाज को ही सफलता का श्रेय दिया। छात्रों को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि आर्थिक दृष्टि से कमजोर होने पर दृढ़ संकल्प शीलता और नियमित अध्ययन से इस तरह के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

अतिथि व्याख्याता डॉ. ज्योति शर्मा, छात्र अमन राकेश के साथ-साथ अनेक छात्र-छात्राओं ने परीक्षा की तैयारी प्री, मेंस एवं साक्षात्कार संबंधित प्रश्न पूछे और कमलेश राकेश ने यथोचित उत्तर देकर उन्हें संतुष्ट किया। जयदीप पांडे ने कमलेश को अभाव में प्रभाव दिखाने वाला प्रेरणादायक छात्र बताया। कार्यक्रम का संचालन अतिथि व्याख्याता रंगनाथ यादव ने और आभार प्रदर्शन सहायक प्राध्यापक पंकज साहू ने किया।

### दो दिवसीय जिला स्तरीय युवा उत्सव 9 दिसंबर से

महासमुंद। राज्य के युवाओं को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा युवा उत्सव का आयोजन जिला एवं राज्य स्तर पर किया जाना है। प्रतिभागियों का पंजीयन माई भारत पोर्टल में किया जाना है। एक प्रतिभागी किसी भी स्तर के प्रतिस्पर्धा के लिए केवल 01 विद्या में भाग ले सकेगा। 01 प्रतिभागी एक से अधिक विधाओं में सम्मिलित नहीं हो सकते। प्रतिभागियों के लिए आयु वर्ग 15 से 29 वर्ष तक तथा संगतकारों का 18 से 40 वर्ष तक निर्धारित है। सम्मिलित विधाओं में लोकनृत्य, पंथी नृत्य, राउत नाचा, सुआ नृत्य, करमा नृत्य, लोक गीत में 10-10 प्रतिभागी शामिल होंगे। इसी तरह वाद-विवाद, नवाचार(साइंस मेला), पारंपरिक वेशभूषा में 02-02, कहानी लेखन, चित्रकला, कविता लेखन में 01-01, एकांकी में 12, रॉक बैंड में 10 विजेता प्रतिभागी राज्य स्तर पर शामिल होंगे।

# कॉलेज में एड्स जागरूकता कार्यक्रम हुआ

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल**

शासकीय नवीन महाविद्यालय सोनाखान में एड्स जागरूकता दिवस तथा एनएसएस द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें एड्स जागरूकता के विषय में मुख्य वक्ता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल से लैब टेक्नोलॉजिस्ट राजेश कुमार देवांगन, घनेश्वर प्रसाद पटेल एड्स सलाहकार तथा हरिशंकर वर्मा टीबी. मितान उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने छात्र-छात्राओं को एड्स के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। इसके रोकथाम व फैलाव को रोकने व बचाव के उपाय को विस्तार से बताया। इस प्रकार समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं के सहयोग से कार्यक्रम हुआ। इसके पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी सनत कुमार साहू ने स्वच्छता कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं द्वारा महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई का कार्य किया गया।




# स्वच्छता के लिए छात्रों ने निकाली रैली

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी**

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय शिवरीनारायण के छात्र–छात्राओं द्वारा प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नगर में जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में विद्यार्थियों ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर प्लास्टिक हटाओ-पर्यावरण बचाओ, स्वच्छ नगर-सुन्दर नगर, सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार करें जैसे संदेशों के माध्यम से विद्यार्थियों ने नागरिकों को प्लास्टिक के अत्यधिक उपयोग से होने वाले नुकसान तथा पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया।




इस अवसर पर शाला प्रबंधन व विकास समिति के अध्यक्ष बुद्धेश्वर केशरवानी, शिक्षा समिति अध्यक्ष एवं पार्षद डॉ. धर्मेन्द्र राम, शिवरीनारायण मंडल महामंत्री विष्णु हरि गुप्ता, विद्यालय के प्राचार्य बसंत देवांगन तथा विद्यालय के समस्त स्टाफगण उपस्थित थे।

विद्यार्थियों ने नगर भ्रमण करते हुए प्लास्टिक का उपयोग कम करने, पुनः उपयोग योग्य विकल्प अपनाने तथा स्वच्छ पर्यावरण बनाए रखने का संदेश दिया। रैली को नगरवासियों से अच्छा प्रतिसाद मिला और जागरूकता अभियान सफल रहा।

## छात्रों ने पिरामिड, पीटी, लेजियम, डंबल्स, जुम्बा और नृत्य की दी प्रस्तुति

# वार्षिक खेल महोत्सव में चार सदनों ने दिखाए हुनर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार**

अंबुजा विद्या पीठ रवान में 3 दिसंबर को विद्यालय का 33वां वार्षिक खेल महोत्सव संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय कराते खिलाड़ी हर्षा साहू तथा गेस्ट ऑफ ऑनर शिवपूजन गुप्ता क्लस्टर फाइनेंस हेड ईस्ट, अदाणी अंबुजा सीमेंट, भाटापारा विशिष्ट अतिथि के रूप में वेट लिफ्टर छाया रानी शिवानी, कोच राजा दुबे विशेष रूप से उपस्थित थे। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. संजय कुमार पाण्डेय, शिक्षकगण, अभिभावक एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

कार्यक्रम में राज्य गीत के पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा चारों सदनों रमन सदन, सुभाष सदन, गांधी सदन और टैगोर सदन के मार्च पास्ट दलों का निरीक्षण किया गया, जिसका प्रशिक्षण विद्यालय के वरिष्ठ समन्वयक पद्माकर मिश्रा द्वारा दिया गया। सभी सदनों की तालबद्ध चाल, रंगीन परिधान और अनुशासित प्रस्तुति ने दर्शकों की भरपूर सराहना बटोरी।इसके बाद पारंपरिक मशाल प्रज्वलन तथा खेल महोत्सव की औपचारिक घोषणा की गई। खेल प्रतिज्ञा के उपरांत विद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार पाण्डेय ने विद्यार्थियों को खेलों द्वारा व्यक्तित्व विकास, टीम भावना और नेतृत्व गुणों को मजबूत करने हेतु प्रेरित किया। स्पोर्ट्स कैप्टन परिधि पाण्डेय ने वार्षिक खेल रिपोर्ट प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि और गेस्ट ऑफ ऑनर ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को नियमित अभ्यास, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के महत्व पर प्रकाश डाला।






इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा पिरामिड, पीटी, लेजियम, डंबल्स, जुम्बा और नृत्य जैसी उत्कृष्ट समूह प्रस्तुतियों ने माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। खेल प्रतियोगिताओं में चारों सदनों के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। थ्री-लेग्ड रेस, सैक रेस, स्किपिंग रेस, 100 मीटर दौड़ और 4×100 मीटर रिले रेस में छात्रों ने अपने कौशल और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। अभिभावकों के लिए आयोजित प्रतियोगिताओं ने आयोजन को और भी रोचक बना दिया।

विजेताओं को पुरस्कार वितरण के दौरान सम्मानित किया गया।समारोह के समापन पर खेल शिक्षिका प्रभजोत कौर ने मुख्य अतिथि, गेस्ट ऑफ ऑनर, विद्यालय प्रबंधन, अभिभावकों, शिक्षक एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

